ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

**09/FE/CC/M-2019-02**

# 2019

# GENERAL STUDIES

# सामान्य अध्ययन

## PAPER—I

## पत्र—I

*Time Allowed* : 3 hours | *Maximum Marks* : 300

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 300

***Instructions :***

- The figures in the margin indicate full marks.
- Answer **eight** questions, selecting **three** each from Section—I and Section—II, and **two** from Section—III.
- Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
- All questions have been printed both in Hindi and English. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.
- Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other questions.

***अनुदेश :***

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खण्ड—I एवं खण्ड—II प्रत्येक में से तीन-तीन प्रश्न तथा खण्ड—III से दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खण्डों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

## SECTION—I

## खण्ड—I

1. What were the causes of the Revolt of 1857? What effect did it have on Bihar? 38

   1857 के विद्रोह के क्या कारण थे? बिहार में उसका प्रभाव क्या था?

2. Describe the spread of Western Education in Bihar between 1858–1914. 38

   1858–1914 के दौरान बिहार में पाश्चात्य शिक्षा के सम्प्रसार का वर्णन कीजिए।

3. Write a note on Swami Sahajanand and the Kisan Sabha Movement. 38

   स्वामी सहजानन्द और किसान सभा आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखिए।

4. Explain the social and economic ideas of Ram Manohar Lohia and Jayaprakash Narayan. 38

   राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सामाजिक और आर्थिक चिन्तन की व्याख्या कीजिए।

5. Discuss the features of Pala art and architecture and its relationship with Buddhism. 38

   पाल कला तथा भवन-निर्माण कला की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए तथा बौद्ध धर्म के साथ उनके सम्बन्ध पर भी प्रकाश डालिए।

**6.** Write short notes on any *two* of the following : 19×2=38

*(a)* Dr Rajendra Prasad and the National Movement

*(b)* Gandhiji's views on caste and religion

*(c)* The Dalit Movement in Bihar

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रीय आन्दोलन

(ख) जाति और धर्म पर गाँधीजी के विचार

(ग) बिहार में दलित आन्दोलन

## SECTION—II

## खण्ड—II

**7.** Discuss the pattern of global spread of Covid-19 pandemic with reference to the international migration and trade. 38

अन्तर्राष्ट्रीय स्थानान्तरण और व्यापार के सन्दर्भ में कोविड-19 महामारी के वैश्विक प्रसार के तरीके की चर्चा कीजिए।

**8.** What are the variables of the World Happiness Report-2020? Give reasons why

the Nordic countries are considered as the top ranking countries in the world. 38

विश्व खुशहाली रिपोर्ट–2020 के विभेद क्या हैं? कारण बताइए कि नॉर्डिक देशों को विश्व में प्रथम-स्तरीय देश क्यों माना जाता है।

9. Examine the recent disasters like 'Bushfire' in Australia and 'Amazon Burn' in Brazil with their causes and impacts on local ecological and global atmospheric conditions. 38

ऑस्ट्रेलिया के 'जंगली आग' (बुश-फायर) और ब्राज़ील के 'अमेज़न दाह' जैसी तात्कालिक आपदाओं की उनके कारणों और स्थानीय पारिस्थितिक तथा वैश्विक वातावरणीय दशाओं पर प्रभाव सहित जाँच कीजिए।

10. Explain the socio-economic and ecological implications of Covid–19 lockdown in India with examples. 38

भारत में कोविड–19 लॉकडाउन के सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक निहितार्थों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।


11. "With 'Mission Shakti', India becomes the fourth largest space power in the world." Discuss this statement. 38

"'मिशन शक्ति' के साथ भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अन्तरिक्ष शक्ति बन गया है।" इस कथन पर चर्चा कीजिए।

## SECTION—III
## खण्ड—III

**12.** Given below is a pie diagram of population pertaining to the year 1998 and the table pertaining to sex and literacy-wise population ratio of different States of India. Read these carefully and give answers to the questions that follow :

Data of different States regarding population of States in the year 1998




| *States* | *Sex and Literacy-wise Population Ratio* | | | |
|---|---|---|---|---|
| | *Sex* | | *Literacy* | |
| | *Male* | *Female* | *Literate* | *Illiterate* |
| AP | 5 | 3 | 2 | 7 |
| MP | 3 | 1 | 1 | 4 |
| Delhi | 2 | 3 | 2 | 1 |
| Goa | 3 | 5 | 3 | 2 |
| Bihar | 3 | 4 | 4 | 1 |
| UP | 3 | 2 | 7 | 2 |
| TN | 3 | 4 | 9 | 4 |

Total population of the given States = 32,76,000

*(a)* What will be the percentage of females in UP, MP and Goa taken together of the total population?


*(b)* What was the total number of illiterate people in Bihar and UP?

*(c)* Find the ratio of the number of females in Delhi and Tamil Nadu.

*(d)* What was the percentage of females in all the mentioned States taken together?

9+10+8+9=36

वर्ष 1998 में भारत के विभिन्न राज्यों की जनसंख्या सम्बन्धित वृत्त सारणी और लिंग एवं शिक्षा के संदर्भ में जनसंख्या अनुपाती सारणी नीचे दी गयी है। इनका अध्ययन ध्यान से कीजिए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



| राज्य | लिंग और शिक्षा के संदर्भ में जनसंख्या अनुपात | | | |
|---|---|---|---|---|
| | लिंग | | शिक्षा | |
| | पुरुष | स्त्री | शिक्षित | अशिक्षित |
| आंध्र प्रदेश | 5 | 3 | 2 | 7 |
| मध्य प्रदेश | 3 | 1 | 1 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 3 | 2 | 1 |
| गोवा | 3 | 5 | 3 | 2 |
| बिहार | 3 | 4 | 4 | 1 |
| उत्तर प्रदेश | 3 | 2 | 7 | 2 |
| तमिलनाडु | 3 | 4 | 9 | 4 |
| दिए गए राज्यों की कुल जनसंख्या = 32,76,000 | | | | |

(क) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गोवा को मिलाकर औरतों की संख्या का प्रतिशत, कुल जनसंख्या का कितना होगा?

(ख) बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल कितने लोग अनपढ़ थे?


(ग) दिल्ली और तमिलनाडु की स्त्रियों की संख्या का अनुपात क्या होगा?

(घ) सभी राज्यों को मिलाकर स्त्रियों की संख्या का प्रतिशत क्या था?

13. The following chart shows the production of cars in thousands for different companies

in India. Read the multiple bar diagram and answer the questions given below :

*Production of cars for 2002-05 period from the selected manufacturers*




*(a)* Which companies have shown the highest and the lowest percentage increase and decrease in production over last year? Also give the actual percentages.


*(b)* What is the ratio of differences between productions by Maruti and Honda during 2003-04 and 2004-05?

*(c)* What are the ratios of total production of cars during the successive years?

*(d)* In 2005-06, the production of cars by Maruti and Hindustan Motors was doubled, while for all other companies the production remains the same. What is the percentage increase in overall production? 8+10+10+8=36

नीचे दी हुई बहुशलाका लेखाचित्र में भारत की विभिन्न कम्पनियों की कारों के उत्पादन (हज़ार में) को दर्शाया गया है। इसका अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*वर्ष 2002 से 2005 तक की अवधि में चुने हुए*
*निर्माताओं की कारों का उत्पादन*





(क) किन कम्पनियों के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम और न्यूनतम प्रतिशत की वृद्धि तथा हानि हुई है? वास्तविक प्रतिशत का उल्लेख भी कीजिए।


(ख) मारुती और हौंडा के 2003-04 और 2004-05 वर्ष के उत्पादनों के अन्तर का अनुपात क्या है?

(ग) सतत वर्षों में कारों के कुल उत्पादन के अनुपात क्या है?

(घ) वर्ष 2005-06 में मारुती एवं हिन्दुस्तान मोटर्स की कारों का उत्पादन दुगुना हो गया। जबकि बाकि कम्पनियों का उत्पादन अपरिवर्तित रहा। कुल उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

**14.** Study the following graphs and answer the questions given below :



*(a)* What was the percentage increase in cotton production and productivity in 2006–07 as compared to 2005–06?

*(b)* In how many hectares, the cotton was grown in 2009–10 and 2010–11?


*(c)* In which year, the cotton production has shown maximum percentage decrease as compared to last year?


*(d)* In which year, the cotton has shown maximum percentage increase in productivity as compared to last year?

*(e)* In which year cotton cultivation area was the lowest and how much percentage of maximum area?

*(f)* Assuming cotton price as ₹ 1,250 per quintal, what would have been the income of a farmer who had 5 hectares of cotton area in 2008–09? $6 \times 6 = 36$

नीचे दिए हुए ग्राफ का अवलोकन कीजिए और दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(क) 2005–06 की तुलना में 2006–07 में कपास के उत्पादन और उत्पादकता में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई थी?

(ख) 2009–10 और 2010–11 में कितने हेक्टेयर में कपास बोई गई थी?

(ग) किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में कपास के कुल उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत की कमी हुई?


(घ) किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में कपास की उत्पादकता में अधिकतम प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई?

(ङ) किस वर्ष में कपास के उत्पादन का क्षेत्रफल न्यूनतम था और यह अधिकतम क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत था?

(च) यदि कपास का भाव ₹ 1,250 प्रति क्विन्टल हो, तो एक 5 हेक्टेयर कपास एरिया वाले किसान की आय 2008–09 में क्या थी?

**15.** Study the following line graph which gives the number of students who joined and left the school in the beginning of the year for six years from 1996 to 2001. Initial strength of the school in 1995 was 3000. Answer the

questions based on the line graph given below :




(a) The number of students studying in the school in 1998 was what percent of the number of students studying in the school in 2001?

(b) Find the ratio of the least number of students who joined the school to the maximum number of students who left the school in any of the years during the given period.


(c) During which year, the percentage increase in the strength of school was minimum?

*(d)* What was the percent increase/ decrease in the number of students from 1998 to 1999?

*(e)* Find the ratio of the maximum number of students who joined the school to the minimum number of students who left in any of the years.

*(f)* In which year, the strength of the school was maximum? 6×6=36

दिए हुए लाइन ग्राफ का अवलोकन कीजिए जिसमें 1996 से 2001 सत्र के आरम्भ में विद्यालय में प्रवेश लेने व छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या दी गई है। 1995 के प्रारंभ में विद्यार्थियों की संख्या 3000 थी। लाइन ग्राफ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(क) 1998 में विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या, 2001 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत थी?

(ख) दी गई अवधि के दौरान किसी भी वर्ष में न्यूनतम संख्या में प्रवेश लेने वाले और अधिकतम संख्या में विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों का अनुपात क्या है?

(ग) किस वर्ष में विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि न्यूनतम थी?

(घ) 1998 से 1999 में विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि/गिरावट क्या थी?

(ङ) किसी भी वर्ष में अधिकतम संख्या में प्रवेश लेने वाले और न्यूनतम संख्या में विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों का अनुपात क्या है?

(च) किस वर्ष में विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या अधिकतम थी?

★ ★ ★